# हरियाणा सरकार शुरू करेगी 10 सेवा योजनाओं का सोशल ऑडिट

## चर्चा में क्यों?

27 अप्रैल, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में हरियाणा सोसाइटी की गवर्निंग बॉडी की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग की 10 सेवा योजनाओं की सोशल ऑडिटिंग शुरू की जाएगी।

## प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, 15वें वित्त आयोग अनुदान और स्वच्छ भारत मिशन जैसी अन्य योजनाएँ भी चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित की जाएंगी।
- निदेशक सोशल ऑडिट यूनिट पीएमएवाई-जी, 15वें एफसीजीएस, एसबीएम, एनएसएपी, रूर्बन मिशन, सीनियर सिटीजन होम्स, नशा मुक्ति केंद्रों, प्री-मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, पीएम-अजय, बाबू जगजीवन राम छात्रावास, आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति, जनजाति ऋण योजना और अत्याचार से संबंधित मामलों जैसी विभिन्न विकास योजनाओं के सामाजिक ऑडिट के संचालन के लिये एक वार्षिक कैलेंडर तैयार करेगा।
- बैठक में सोशल ऑडिट इकाई को सुदृढ़ करने के लिये ज़िला स्तर पर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। इसके खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व एसडीओ पंचायती राज भी सदस्य होंगे। सोशल ऑडिट करने के लिये समिति विलेज रिसोर्स पर्सन की पहचान करेगी।
- गवर्निंग बॉडी ने विलेज रिसोर्स पर्सन के मानदेय को प्रति कार्य दिवस टीए, डीए सहित 500 रुपये से बढ़ाकर 650 रुपए करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।
- ग्रामीण विकास के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने कहा कि सोशल ऑडिट यूनिट ने हरियाणा के सभी 22 ज़िलों से 824 ग्राम संसाधन व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। इनमें स्वयं सहायता समूह, सामाजिक संगठन एवं ग्रामीण समूहों के सदस्य शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-govt-will-start-social-audit-of-10-service-schemes